| FA | 2 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : चौथी | विषय : हिंदी

PAPER CODE : 4011 | पूर्णांक : 10

**निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

**खण्ड – 'अ'** (अंक 05)

**LO-L-406 - पढ़ी हुई सामग्री और निजी अनुभवों को जोड़ते हुए उनसे उभरी संवेदनाओं और विचारों की (मौखिक/लिखित) अभिव्यक्ति करते है।**

**गतिविधि 1 – कहानी वाचन**
**यह व्यक्तिगत गतिविधि है।**

**निर्देश –**

- पाठ में आधारित **'पिंजरे का जीवन'** शीर्षक कविता को शिक्षक एक कहानी के माध्यम से सहायक सामग्री 'कट आउट' द्वारा बच्चों को सुनायेंगे या बतायेंगे।
- इस कहानी के आधार पर प्रत्येक बच्चे से पाँच प्रश्न कर सकते है।

**प्रश्न –**

1. पिंजरे का जीवन कैसे होता है?
2. पिंजरे में कौन सा पक्षी है?
3. बाद में कौन सा पक्षी पिंजरे में बंद हुआ?
4. सुखमय जीवन क्या हैं?
5. किन–किन पक्षियों को पिंजरे में रखा जाता है?

शिक्षक इसी तरह के अन्य प्रश्न कर सकते हैं।

- सही उत्तर बताने पर पूरे अंक दिये जावे।
- अधिकतम अंक 05 है।

## गतिविधि 2 – उत्सव पेटी

| | |
|---|---|
| 1. बाल सभा | 2. होली |
| 3. 15 अगस्त | 4. दीवाली |

**निर्देश –**

- यह समूह गतिविधि है।
- शिक्षक उत्सव पेटी चित्र के अनुसार कक्ष को बाँट लेंगे। उत्सव के आधार पर शब्द कार्ड बनायेंगे एवं शिक्षक प्रत्येक बच्चे को क्रम से बुलाकर एक–एक कार्ड उठाने को कहेंगे।
- प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए जावें।

**शब्द कार्ड –**

- होलिका दहन, रंग–गुलाल, पिचकारी, मिठाई, फाल्गुन माह, भक्त प्रहलाद आदि।
- कार्तिक माह, पटाखे, मिठाई, नये कपड़े, लिपाई–पुताई, दीया जलाना, आदि
- स्वतंत्रता दिवस, गुलामी, अंग्रेज, 15 अगस्त, झंड़ा, प्रभात–फेरी, साफ गणवेश, राष्ट्रगान आदि।
- बाल–सभा, स्कूल प्रांगण, कहानी वाचन, कविता वाचन, तालिया बजाकर नृत्य, नाटक आदि।

**छात्र कार्य –**

- प्रत्येक छात्र एक शब्द कार्ड उठायेगा शब्द कार्ड के अनुसार एक वाक्य कहेगा। शेष बच्चे ध्यान से सुनेंगे।
- छात्रों के वाक्य कहने के बाद शिक्षक कार्ड अनुसार कक्ष के निर्धारित कोने में छात्र को बैठने को कहेंगे।
- सभी छात्रों के शब्द कार्ड के उपयोग के बाद समूह अनुसार छात्रों से कहे गये वाक्यों को पुनः दोहराने को कहेंगे।

**गतिविधि 3 – आओ किताबें पढ़ें**

**यह व्यक्तिगत गतिविधि है।**

**निर्देश –**

- शिक्षक प्रत्येक बच्चे से पुस्तकालय से कोई एक कहानी की पुस्तक लाने को कहेंगे।
- इस पुस्तक से बच्चों को एक कहानी पढ़ना है।
- बच्चे कहानी समझ कर पढ़ेंगे।
- बच्चों को स्पष्ट निर्देश दिया जावे की इस कहानी के आधार पर प्रश्न पूछे जाएंगे।
- शिक्षक द्वारा बनाये गये इस प्रकार के प्रश्न हो सकते हैं –

    i. कहानी का क्या नाम है।

    ii. कहानी में कौन–कौन से पात्र हैं।

    iii. कहानी का कथानक क्या है।

    iv. कहानी किसके संबंध में है।

    v. कहानी किस पर आधारित है।

    vi. कहानी का क्या उद्देश्य है।

- प्रश्नों के उत्तर देने पर बच्चों को पूरे अंक दिये जावे।
- निर्धारित अंक 05 है।

**खण्ड 'ब'** **(अंक 05)**

**LO–L-407 – अपनी पाठ्यपुस्तक से इतर सामग्री, बाल साहित्य, समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक (बाल पत्रिका) होर्डिंग्स आदि को समझकर पढ़ते हैं।**

**गतिविधि 1 – विज्ञापन बताओ**

**यह सामूहिक गतिविधि है।**

**निर्देश :–**

1. शिक्षक बच्चों को होर्डिंग्स पढ़कर आने को कहें या बाल साहित्य, समाचार पत्र जैसे विभिन्न स्त्रोतों से विज्ञापन की कटिंग एकत्रित करने को कहें।
2. संख्या के आधार पर बच्चों को 4–5 समूह में बाँट दे (प्रत्येक समूह में 3–4, छात्र – छात्राओं को रखें)।

3. प्रत्येक समूह में 1–1 विज्ञापन की कटिंग बाँट दें।
4. बच्चों को इसे ध्यान से पढ़ने को कहें।
5. 05 मिनिट का समय दें।
6. एक समूह को उसको मिले विज्ञापन को बताने को कहें। या अभिनय करने को कहें। (प्रत्येक बच्चे अभिनय में भाग लें )
7. विज्ञापन के आधार पर शिक्षक बच्चों से प्रश्न करें। जैसे –

   टूथपेस्ट (दाँतों की सफाई/का विज्ञापन है तो प्रश्न इस प्रकार से हो सकते हैं –

   i. दाँतों की सफाई हेतु टूथपेस्ट के अलावा और कौन–कौन से तरीके हैं?
   ii. दाँत साफ करना क्यों आवश्यक है?
   iii. दिन में कितनी बार दाँतों की सफाई करनी चाहिए।
   iv. दतवन या दातौन किसे कहते हैं ?
   v. अब तुम लोग टूथपेस्ट के लिए विज्ञापन बनाओ।
   vi. रात की सोते समय दाँतों को साफ करना क्यों आवश्यक हैं?

सही उत्तर पर पूरे अंक दिए जाए अधिकतम अंक 05 है।

**गतिविधि 2 – हिन्दी समाचार पत्र में व्याकरण ढूंढें**

**यह व्यक्तिगत गतिविधि है।**

**निर्देश :–**

- शिक्षक प्रत्येक बच्चे को हिन्दी समाचार पत्र या एक अनुच्छेद पैराग्राफ पढ़ने को कहेंगे। कोई भी दैनिक पेपर हो सकता है लेकिन सभी बच्चों को पेपर (अनुच्छेद) उपलब्ध करायें।
- पेपर (अनुच्छेद) पढ़ने हेतु 5 मिनिट का समय देवें। इसके पश्चात् बच्चों से प्रश्न करें।
- शिक्षक बच्चों को स्पष्ट रूप से निर्देश दें।
- अनुच्छेदों के आधार पर प्रश्न इस प्रकार हो सकते हैं–

  1. अनुच्छेद की मुख्य बातों को रेखांकित करें।
  2. संज्ञा शब्द को ढूँढ़कर लिखो।
  3. विशेषण शब्दों को ढूँढ़कर लिखो।
  4. अनुच्छेद में आये किन्ही दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो।
  5. अनुच्छेद में आये किन्ही दो शब्दों को वाक्य में प्रयोग करो।

(प्रश्न क्रमांक 04 एवं 05 के लिए शिक्षक भी शब्दों का चुनाव कर सकते हैं। (अनुच्छेद से संबंधित अन्य प्रश्न पूछे जा सकते हैं।)

**गतिविधि 3 – आओ कविता सुनायें हम**

**यह व्यक्तिगत गतिविधि है।**

**निर्देश :–**

- बच्चों की संख्या के अनुरूप बालपत्रिका एकत्रित करें।
- सभी बच्चों को एक–एक बाल–पत्रिका पढ़ने को दें।
- पत्रिका में से अपनी पसंद की एक कविता चुनने को कहें।
- इस कार्य के लिए 05 मिनिट का समय दें।
- प्रत्येक बच्चे को अपनी पंसद की कविता को लय, हाव, भाव, के साथ पढ़कर सुनाने को कहें।
- प्रस्तुति के आधार पर अंक प्रदान करें। अधिकतम अंक 5 हैं।